वर्तमान में रूड़की केन्द्र में 181 विक्रम टैम्पों परमिट वैध हैं। अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–16 जनपद हरिद्वार के लक्सर केन्द्र से स्थाई विक्रम टैम्पों वाहनों के परमिट जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

कुँवर प्रणव सिंह "चैम्पियन", विधायक, लक्सर ने अपने पत्र दिनांक 06.12.2010 द्वारा सूचित किया है कि उनके विधानसभा क्षेत्र लक्सर के अत्यन्त पिछड़े खादर क्षेत्र में आवागमन के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं है। सुदूर ग्रामीण अंचलों से लोगों को औद्योगिक क्षेत्र, तहसील, बाजार तथा छात्र–छात्राओं को स्कूल/कॉलेज आना–जाना होता है। परिवहन की सुविधा सुलभ व पर्याप्त न होने के कारण इस क्षेत्र की जनता को अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि यदि उक्त क्षेत्र में विक्रम थ्री–व्हीलर को चलाये जाने हेतु बेरोजगार पात्र व्यक्ति को परमिट आंवटित कर दिए जाते हैं तो इससे एक तो क्षेत्र में सस्ता व सुलभ आवागमन जनता को उपलब्ध होगा तथा दूसरा क्षेत्र के बेरोजगारों को जीविकोपार्जन का माध्यम उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने लक्सर केन्द्र से विक्रम वाहनों के परमिट जारी करने हेतु आवष्यक कार्यवाही करने हेतु कहा है।

वर्तमान में लक्सर केन्द्र से 20 स्थाई विक्रम टैम्पों परमिट वैध हैं। लक्सर केन्द्र से विक्रम टैम्पों परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों के विवरण **परिषिश्ट–ग** में दिये गये है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–17 श्री राजकुमार को डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिए विक्रम टैम्पो परमिट जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

श्री राजकुमार पुत्र श्री टीका राम, 95–बी, चन्द्रषेखर आजाद कालोनी, पटेलनगर, देहरादून ने अपने प्रार्थनापत्र दिनांक 01.11.2011 द्वारा निवेदन किया गया है कि प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.2011 में डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के परमिट प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किये गये थे। प्रार्थी ने विक्रम खरीद लिया था

परन्तु काफी लेट में आने पर परमिट जारी नहीं किया गया। उन्होंने निवेदन किया है कि अब उनको डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र का परमिट जारी किया जाए।

इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09–03–11 में मद सं0–04 के अन्तर्गत डोईवाला केन्द्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विक्रम टैम्पो परमिटों हेतु प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्र निम्न लिखित षर्तों के साथ स्वीकृत किये गये थेः–

"प्रथम आगत, प्रथम निर्गत के सिद्धांत पर कुल 60 परमिट वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 30–04–11 तक जारी किए जाएंगे, जिनमें से 47 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को, 11 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों तथा 02 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को जारी किए जाएंगे। निर्धारित संख्या में स्वीकृत परमिट जारी हो जाने के पश्चात् षेश प्रार्थनापत्रों की स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

1. **परमिट से आच्छादित वाहन का संचालन डोईवाला में लच्छीवाला रेलवे पुल से से आगे देहरादून षहर की ओर, ऋशिकेष मार्ग पर नटराज चौक से आगे तथा हरिद्वार मार्ग पर नेपाली फार्म से आगे नहीं किया जायेगा। वाहन का संचालन डोईवाला के ग्रामीण क्षेत्रों में ही किया जाएगा।**
2. **वाहनों का रंग हरा होगा तथा इन पर 05 इंच की सफेद पट्टी होगी जिसमें काले रंग से डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र अंकित होगा।**
3. **देहरादून जनपद का निवासी हो।**
4. **आवेदक के नाम अन्य कोई परमिट न हो।**
5. **आवेदक बेरोजगार हो।**
6. **आवेदक के पास हल्की वाणिज्यिक वाहन चलाने का डी0एल0 हो।**
7. **परमिट 03 वर्श की अवधि से पूर्व हस्तान्तरित नहीं किया जाएगा तथा आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत जारी परमिट आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को ही हस्तान्तरित किया जा सकेगा।**
8. **आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक, जिला प्रषासन द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे।**

9. **मार्ग पर संचालित वाहनों मॉडल सीमा 10 वर्श होगी तथा 10 वर्श की आयुसीमा पूरी होने पर ऊँचे मॉडल की वाहन से प्रतिस्थापन किया जाएगा।"**

प्राधिकरण द्वारा पारित उपरोक्त आदेषों के सूचना प्रार्थी को कार्यालय के पत्र दिनांक 01–04–11 द्वारा दी गयी थी। प्रार्थी को सूचित किया गया था कि स्वीकृत पत्र प्राधिकरण द्वारा पारित आदेषों के अनुसार रिक्तियां पूर्ण होने अथवा दिनांक 30.04.11 तक वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत कर परमिट प्राप्त करने तक ही वैध होगी। परमिट की रिक्तियां पूर्ण होने की सूचना आवेदक कार्यालय से स्वयं प्राप्त कर ही वाहन क्रय करें।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न विक्रय पत्र (फार्म–21) के अनुसार उनके द्वारा दिनांक 18.04.11 को वाहन क्रय की गयी थी। परन्तु अभी तक प्रार्थी की वाहन पंजीकृत नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिए 60 परमिट जारी किए गए थे तथा 13 परमिट परिचालन पद्धति द्वारा स्वीकृत किए गए है। वर्तमान में डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र पर 73 विक्रम टैम्पो परमिट वैध हैं।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–18(ए) कौलागढ़–विधानसभा के नगर बस परमिटों को हल्की वाहनों के परमिटों में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में, मार्ग के बस ऑपरेटरों द्वारा दिए गए प्रत्यावेदन दिनांक 04.11.11 पर विचार व आदेष।

प्राधिकरण द्वारा कौलागढ–विधानसभा वाया बल्लूपुर चौक–बल्लीवाला चौक–जीएमएस रोड–सब्जी मंडी–लालपुल–महन्त इंदरेष हास्पीटल–कारगी चौक–रिस्पनापुल वर्गीकृत किया गया था। इसके पष्चात प्राधिकरण के आदेष दिनांक 07.07.09 द्वारा इस मार्ग का विस्तार सब्जी मंडी–माजरा–षिमला बाईपास–आईएसबीटी–कारगी चौक–विधानसभा तथा प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 मे मार्ग का विस्तार ओएनजीसी चौक से राजेन्द्र नगर–'किषन नगर होते हुऐ कनाट प्लेस–धण्टाधर–प्रिन्स चौक–रेलवे

स्टेषन तक किया गया था। प्राधिकरण द्वारा इस मार्ग पर 06 स्थाई सवारी गाडी परमिट दिये गये थे। वर्तमान में इस मार्ग पर 02 बसें संचालित हैं।

मार्ग के बस ऑपरटरों द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया है कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 27. 12.08 में कौलागढ़ से विधानसभा मार्ग पर 06 सिटी बस परमिट जारी किए गए थे। कुछ समय पष्चात् थानाकैण्ट–परेडग्राउण्ड की सिटी बसों को भी इसी रूट के परमिट अंकित कर दिए गए जिस कारण हमारी सिटी बसों को पर्याप्त सवारी न मिल पानी से काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और हमे मजबूर होकर अपनी गाड़ियों को बेचना पड़ा, जिससे हमें बेरोजगार भी होना पड़ा और अपने परिवहन के भरण–पोशण की एक बहुत बुरी स्थिति बन गयी है। उनके मार्ग की नगर बस परमिटों को हल्के वाहनों के परमिटों से परिवर्तित कर दिया जाए तथा कौलागढ़ से घण्टाघर तक का छोटे वाहन के परमिट देने की कृपा करें, ताकि हम अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और सरकार के राजस्व की हानि भी न हो सकें।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

(प) **कौलागढ़–विधानसभा तथा सम्बन्धित मार्ग का विस्तार बाजावाला–मसन्दावाला तक करने तथा मार्ग पर हल्की वाहनों को परमिट जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।**

बाजावाला–मसन्दावाला क्षेत्र की जनता द्वारा इस आषय के प्रतिवेदन दिये गये हैं कि, उनके क्षेत्र में भी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाय, परन्तु पूर्व में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार कौलागढ से आगे का मार्ग काफी संकरा तथा मोडो वाला है, जिसमें बस सेवा संचालित किया जाना सम्भव नहीं है। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन देहरादून ने अपने पत्र सं0–5647/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2011 दिनांक 02–11–11 द्वारा उपरोक्त मार्ग का सर्वेक्षण करने के पष्चात अपनी आख्या प्रेशित की है, जो निम्न प्रकार है:–

"बाजावाला तथा मसन्दावाला गांव की दूरी कौलागढ़ से लगभग 2.3 किमी है। मार्ग पक्का है तथा लगभग 2.0 से 2.5 मीटर चौड़ा है तथा हल्के वाहनों के संचालन हेतु उपयुक्त है। कौलागढ़ से बाजावाला–मसन्दावाला तक आवागमन के लिए परिवहन का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों को पैदल या अन्य साधनों से कौलागढ़ आना पड़ता है। बाजावाला–मसन्दावाला क्षेत्र की जनता को षहर तक आने–जाने के लिए परिवहन सुविधा दिए जाने हेतु बाजावाला–मसन्दावाला से कौलागढ़ होते हुए के0डी0एम0आई0पी0ई0, ओ0एन0जी0सी0 चौक से बल्लुपुर चौक, बल्लीवाला चौक, जी0एम0एस रोड, सब्जीमंडी, सहारनपुर चौक, प्रिंस चौक होते हुए परेडग्राउण्ड तक हल्के वाहनों का मार्ग बनाया जाना उपयुक्त होगा। मार्ग की कुल दूरी 13.5 किमी है।"

उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने पर अध्यक्ष, नगर बस सेवा, अनारवाला–गढ़ीकैण्ट–आईएसबीटी–परेडग्राउण्ड ने आपत्ति की है कि उपरोक्त मार्ग पर अलग से ठेका परमिट के टाटा मैजिक को संचालित कराना सीटी बस वालों के अधिकारों पर कुठाराघात होगा। क्योंकि अत्याधिक संख्या में विक्रम व सिटी बसें संचालित होने के कारण प्रतिस्पर्धा बारम्बार बनी रहती है, जिस कारण दुर्घटनायें एवं मारपीट व झगड़े होते रहते हैं, इसके साथ ही बस मालिक आर्थिक आधार पर कमजोर हो रहे हैं, जिससे बसों के रख रखाव में भी मुष्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त बाजावाला, कौलागढ़ क्षेत्र में रहने वाली जनता एवं बिष्टगांव, गगोंल पंडितवाणी बिजापरु, विजयनगर आदि स्थानों पर रहने वाली जनता की मुख्य मांग घण्टाघर की सेवा के लिए है।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–19 <u>बुल्लावाला–झबरावाला–डोईवाला–भानियावाला–लालतप्पड़ मार्ग पर हल्की सदृष्य 4 पहिया 7/8 सीटर हल्की वाहनों का संचालन स्थाई ठेका गाड़ी के रुप में करने हेतु परमिटों के लिये प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेष।</u>

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12–11–09 तथा 26–06–2010 में कुछ मार्गों को मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 74 (2)(1) में दिए गए प्राविधानों के अनुसार हल्की वाहनों को ठेका गाड़ी के रूप में संचालित करने हेतु "क" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था जिसमें बुल्लावाला–झबरावाला–डोईवाला–भानियावाला–लालतप्पड़ मार्ग भी था। इस मार्ग पर 20 परमिटों की संख्या निर्धारित की गई थी। कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या 5592/आरटीए/दस–15/2011 दिनांक 22–10–11 द्वारा इस मार्ग पर 7/8 सीट तक की हल्की वाहनों को ठेका गाड़ी के रूप में संचालित करने हेतु परमिटों के आवेदन पत्र मांगे गये थे। यह विज्ञप्ति दिनांक 23–10–11 को अमर उजाला, दैनिक जागरण तथा हिन्दुस्तान समाचार–पत्रों में प्रकाषित की गई थी। आवदेन–पत्र दिनांक 05–11–11 तक निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्रार्थनापत्रों के विवरण **परिषिश्ट–"घ"** में दिए गए हैं।

इस मार्ग पर 7/8 सीटर हल्के वाहनों को परमिट जारी करने के विरुद्ध डोईवाला विक्रम मालिक वैलफेयर एसोसिएषन डोईवाला ने दिनांक 04.11.11 को प्रत्यावेदन दिया है। उन्होंने निवेदन किया है किः–

1. महोदय डोईवाला केन्द्र से पहले ही (328) तीन सौ अट्ठाइस विक्रम संचालित हो रहें हैं इसके अतिरिक्त इस रूट पर जीप, ट्रैकर, मैक्सी कैब एवं राज्य परिवहन निगम अनुबन्धित बसों का दाब बना रहता है।
2. महोदय उपरोक्त साधन के अतिरिक्त देहरादून से जौलीग्राण्ट तक लगभग (61) इकसठ नगर वाहन बसें संचालित हैं जिसके परिणाम स्वरूप (328) विक्रमों कि रोजी रोटी पर गरा असर पड़ रहा है।
3. महोदय को इस बात से इंगित कराना है कि उपरोक्त ग्रामीण क्षेत्र के (80) परमिट जारी किये हैं ये सभी विक्रम डोईवाला नगर में ही चल रहें हैं ऐसी परिस्थिति मैं पुनः इन्हीं ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रम एवं टाटा मैजिक आदि के परमिट दिये जाना उचित नहीं है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–20 बिश्ट गांव–मंगौल–पंडितवाड़ी–गजियावाला–सप्लाई–आईएसबीटी मार्ग पर हल्की सदृष्य 4 पहिया 7/8 सीटर हल्की वाहनों का संचालन स्थाई ठेका गाड़ी के रुप में करने हेतु परमिटों के लिये प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेष।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12–11–09 तथा 26–06–2010 में कुछ मार्गों को मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 74 (2)(1) में दिए गए प्राविधानों के अनुसार हल्की वाहनों को ठेका गाड़ी के रूप में संचालित करने हेतु "क" श्रेणी में वर्गीकृत किया गया था, जिसमें बिश्टगांव–मंगोल पंडिवाड़ी–गजियावाला–सप्लाई–आईएसबीटी मार्ग भी था। इस मार्ग पर 20 परमिटों की संख्या निर्धारित की गई थी। कार्यालय की विज्ञप्ति संख्या 5592/आरटीए/दस–15/2011 दिनांक 22–10–11 द्वारा इस मार्ग पर 7/8 सीट तक की हल्की वाहनों को ठेका गाड़ी के रूप में संचालित करने हेतु परमिटों के आवेदन पत्र मांगे गये थे। यह विज्ञप्ति दिनांक 23–10–11 को अमर उजाला, दैनिक जागरण तथा हिन्दुस्तान समाचार–पत्रों में प्रकाषित की गई थी। आवदेन–पत्र दिनांक 05–11–11 तक निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों के विवरण **परिषिश्ट–"च"** में दिए गए हैं।

इस मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्ध श्री भगवती प्रसाद भट्ट, अध्यक्ष, महानगर बस सेवा रायपुर–प्रेमनगर मार्ग द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया है कि उनके मार्ग पर 34 नगर बस परमिट जारी किए गए हैं, जिसमें से 50 प्रतिषत वाहनें वाया आईएसबीटी एवं 50 प्रतिषत वाहनें वाया कॅनाट प्लेस होकर संचालित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त इस मार्ग पर परेडग्राउण्ड–परवल मार्ग की 18 बसें लगभग 150 विक्रम प्रेमनगर से कनॉट प्लेस तक संचालित हो रहे हैं एवं परेडग्राउण्ड से रायपुर, थानो, बड़ासी, मालदेवता, गुलरघाटी मार्ग तक की 28 बसें एवं परेडग्राउण्ड से काली मंदिर तपोवन तक 48 नगर बसें सीमाद्वार से नालापानी की संचालित हो रही हैं। परेडग्राउण्ड से रायपुर तक लगभग 50–60 विक्रम भी संचालित हो रहे हैं। दूसरी तरफ जो कि प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की 50 प्रतिषत बसें आईएसबीटी मार्ग पर संचालित होती हैं उनके साथ भी

लगभग प्रेमनगर से आईएसबीटी तक डाकपत्थर–विकासनगर–कालसी की 120 बसें व प्रेमनगर से बल्लुपुर चौक, मंडी तक लगभग 30–40 विक्रम तथ गढ़ीकैण्ट मार्ग की 14 बसें बल्लुपुर चौक से लेकर आईएसबीटी–रिस्पनापुल तक 15 किमी तक प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की वाहनों के साथ संचालित होते हैं एवं आईएसबीटी से रिस्पना–जोगीवाला तक डोईवाला मार्ग की 31 बसें व 111 विक्रम डोईवाला केन्द्र के व लगभग 50–60 विक्रम धर्मपुर केन्द्र के आईएसबीटी रिस्पना संचालित होते हैं। इस प्रकार उपरोक्त मार्ग पर यातायात के पर्याप्त साधन उपलब्ध होने के बावजूद मार्ग पर अत्यधिक यातायात का दबाव व जाम की समस्या हमेषा बनी रहती है। फिर भी अब परिवहन विभाग द्वारा पुनः 22.10.11 को विज्ञप्ति जारी कर 11.11. 2011 को आरटीए की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें 7–8 सीट के वाहनों को विभिन्न मार्गों पर ठेका परमिट जारी करना प्रस्तावित है जो कि प्रेमनगर से लेकर रायपुर तक दोनों तरफ से कहीं न कहीं मार्ग पर 7 से 15 किमी का ओवरलेप होकर प्रतिस्पर्धा करने हुए मार्ग पर चलेंगे, जिससे यातायात प्रभावित होगा और लड़ाई–झगड़े बढेंगे, जिससे प्रेमनगर–रायपुर मार्ग के वाहन स्वामियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से गुजरना पड़ेगा।

इसके अतिरिक्त उपरोक्त मार्ग पर परमिट जारी करने पर अध्यक्ष, नगर बस सेवा, अनारवाला–गढ़ीकैण्ट–आईएसबीटी–परेडग्राउण्ड ने आपत्ति की है कि उपरोक्त मार्ग पर अलग से ठेका परमिट के टाटा मैजिक को संचालित कराना सीटी बस वालों के अधिकारों पर कुठाराघात होगा। क्योंकि अत्याधिक संख्या में विक्रम व सिटी बसें संचालित होने के कारण प्रतिस्पर्धा बारम्बार बनी रहती है, जिस कारण दुर्घटनायें एवं मारपीट व झगड़े होते रहते हैं, इसके साथ ही बस मालिक आर्थिक आधार पर कमजोर हो रहे हैं, जिससे बसों के रख रखाव में भी मुष्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त बाजावाला, कौलागढ़ क्षेत्र में रहने वाली जनता एवं बिष्टगांव, गगोंल पंडितवाणी बिजापरु, विजयनगर आदि स्थानों पर रहने वाली जनता की मुख्य मांग घण्टाघर की सेवा के लिए है।

अतः प्राधिकरण प्रार्थनापत्रों पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–21 देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग पर टाटा मैजिक वाहनों की संख्या बढाये जाने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

देहरादून–रायपुर–मालदेवता–पीपीसीएल पर वर्तमान में 14 स्थाई स्टैज कैरेज बस परमिट निर्गत हैं, परन्तु विविध कारणों से 08 परमिट धारकों ने काफी लम्बे समय से या तो वाहन प्रतिस्थापन के लिए समय ले लिया है या वाहनों के प्रपत्र कार्यालय में समर्पित कर दिए हैं। फलतः 14 परमिटों के स्थान पर मात्र 06 वाहनें मार्ग पर संचालित हैं। कम संख्या में वाहनें संचालित होने के कारण क्षेत्र की जनता को पर्याप्त परिवहन सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं, जिसके कारण स्कूली बच्चों, नौकरी पेषा लोंगो तथा विभिन्न कार्यों हेतु षहर आने–जाने के लिए लोगों को परिवहन का साधन नहीं मिल पा रहा था। क्षेत्र की जनता ने कई बार वाहन समस्या को हल करने के लिए प्रत्यावेदन दिए थे। मा0 कृशि मंत्री एवं मा0 विधायक, राजपुर द्वारा भी समस्या का षीघ्र समाधान करने के निर्देष दिए गए थे।

अध्यक्ष, महोदय के आदेष दिनांक 22–06–11 के अनुपालन में उपरोक्त मार्ग पर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 11 टाटा मैजिक वाहनों को अस्थाई सवारी गाड़ी परमिट जारी किए गए हैं तथा इन वाहनों का संचालन देहरादून से मालदेवता–पीपीसीएल मार्ग पर हो रहा है।

प्रदेष अध्यक्ष, प्रधान संगठन उत्तराखण्ड ने अपने पत्र दिनांक 19–07–11 द्वारा सूचित किया है कि देहरादून से मालदेवता–पीपीसीएल मार्ग पर टाटा मैजिक चलाये जाने से लोगों को यातायात की सुविधा मिल रही है परन्तु गाड़ियों की संख्या कम होने के कारण मालदेवता और पीपीसीएल से देहरादून की ओर आने वाली गाड़ियां मालदेवता में ही भर जाती हैं। ऐसी स्थिति में खैरी मानसिंह, रैनीवाला, अस्थल, वझेत एवं केषरवाला के लोंगो को इन गाड़ियों में स्थान न मिलने के कारण परिवहन सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेषानी सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। उन्होंने अनुरोध किया है कि प्राथमिकता के आधार पर केषरवाला, अस्थल, वझेत एवं रैनीवाला के लोंगो को और अधिक परमिट जारी कर समस्या का समाधान कराने की कृपा करें। उल्लेखनीय है कि 08 बसों के मार्ग से हटे रहने के कारण मांग

व आपूर्ति के अनुपात को सही करने के लिये लगभग 16 टाटा मैजिक सदृष वाहनों की आवष्यकता है। वर्तमान में मार्ग पर 11 टाटा मैजिक वाहनों को अस्थाई सवारी गाड़ी परमिट जारी किए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय के आदेष दिनांक 20.08.11 के अनुपालन में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन, देहरादून एवम् परिवहन कर अधिकारी–प्रथम देहरादून को उपरोक्त मार्ग का सर्वेक्षण संयुक्त सर्वेक्षण समिति के साथ करने के पष्चात समिति की आख्या प्रेशित करने हेतु कहा गया था कि, उक्त मार्ग पर कितनी सदृष्य हल्की वाहनों की और आवष्यकता पडेगी, जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) देहरादून ने अपने पत्र सं0–5586/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2011 दिनांक 08–11–11 द्वारा सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत की है, जो निम्नवत् हैः–

1. **मार्ग पर पूर्व में 14 परमिट से आच्छादित बसें संचालित थीं, जिनके द्वारा स्थानीय जनता को परिवहन सुविधा दी जा रही थी। वर्तमान में उक्त मार्ग पर 05 परमिट से आच्छादित बसें व 11 अस्थाई परमिट से आच्छादित हल्की वाहनों का संचालन हो रहा है।**
2. **रायपुर–मालदेवता आदि क्षेत्र से काफी संख्या में प्रतिदिन लोग स्कूलों, कार्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों के लिए आवागमन करते हैं। चैकिंग कार्य एवं सर्वेक्षण के उपरांत यह देखने में आया है कि स्थानीय जनता को परिवहन सुविधायें दिये जाने हेतु वर्तमान में संचालित सेवायें पर्याप्त नहीं है।**
3. **स्थानीय जनता को पर्याप्त परिवहन सुविधा दिये जाने हेतु मार्ग पर और अधिक परिवहन सेवायें बढ़ाये जाने की आवष्यकता महसूस की जा रही है।**

अतः उक्त क्षेत्र की जनता को पर्याप्त परिवहन सुविधायें दिये जाने हेतु देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग पर उपरोक्त संचालित सेवाओं के अतिरिक्त हल्के वाहनों के 05 और परमिट जारी करने की संस्तुति की जाती है।

इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 के संकल्प सं0 15 द्वारा आदेष पारित किए थे कि देहरादून–रायपुर–मालदेवता–पी0पी0सी0एल0, रायपुर–तुनवाला–मियांवाला–बालावाला–षमषेरगढ़ मार्ग को नगर बस सेवा में परिवर्तित किया जाता है। मार्ग पर चल रही बसों का प्रतिस्थान 06 माह के अन्दर 166 इंच व्हीलबेस तक की नई बसों से किया जाएगा। ये बसें नगर बस के लिए निर्धारित मानकों को पूर्ण करने वाली होनी चाहिए। प्राधिकरण के इन आदेषों के अनुपालन में 02 परमिट धारकों द्वारा अपनी वाहनों को नगर बस के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप नई वाहनों से प्रतिस्थापित कर दिया गया है।

इस मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्ध श्री भगवती प्रसाद भट्ट, अध्यक्ष, महानगर बस सेवा रायपुर–प्रेमनगर मार्ग द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया है कि उनके मार्ग पर 34 नगर बस परमिट जारी किए गए हैं, जिसमें से 50 प्रतिषत वाहनें वाया आईएसबीटी एवं 50 प्रतिषत वाहनें वाया कॅनाट प्लेस होकर संचालित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त इस मार्ग पर परेडग्राउण्ड–परवल मार्ग की 18 बसें लगभग 150 विक्रम प्रेमनगर से कनॉट प्लेस तक संचालित हो रहे हैं एवं परेडग्राउण्ड से रायपुर, थानो, बड़ासी, मालदेवता, गुलरघाटी मार्ग तक की 28 बसें एवं परेडग्राउण्ड से काली मंदिर तपोवन तक 48 नगर बसें सीमाद्वार से नालापानी की संचालित हो रही हैं। परेडग्राउण्ड से रायपुर तक लगभग 50–60 विक्रम भी संचालित हो रहे हैं। दूसरी तरफ जो कि प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की 50 प्रतिषत बसें आईएसबीटी मार्ग पर संचालित होती हैं उनके साथ भी लगभग प्रेमनगर से आईएसबीटी तक डाकपत्थर–विकासनगर–कालसी की 120 बसें व प्रेमनगर से बल्लुपुर चौक, मंडी तक लगभग 30–40 विक्रम तथ गढ़ीकैण्ट मार्ग की 14 बसें बल्लुपुर चौक से लेकर आईएसबीटी–रिस्पनापुल तक 15 किमी तक प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की वाहनों के साथ संचालित होते हैं एवं आईएसबीटी से रिस्पना–जोगीवाला तक डोईवाला मार्ग की 31 बसें व 111 विक्रम डोईवाला केन्द्र के व लगभग 50–60 विक्रम धर्मपुर केन्द्र के आईएसबीटी रिस्पना संचालित होते हैं। इस प्रकार उपरोक्त मार्ग पर

यातायात के पर्याप्त साधन उपलब्ध होने के बावजूद मार्ग पर अत्यधिक यातायात का दबाव व जाम की समस्या हमेषा बनी रहती है। फिर भी अब परिवहन विभाग द्वारा पुनः 22.10.11 को विज्ञप्ति जारी कर 11.11. 2011 को आरटीए की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें 7–8 सीट के वाहनों को विभिन्न मार्गों पर ठेका परमिट जारी करना प्रस्तावित है जो कि प्रेमनगर से लेकर रायपुर तक दोनों तरफ से कहीं न कहीं मार्ग पर 7 से 15 किमी का ओवरलेप होकर प्रतिस्पर्धा करने हुए मार्ग पर चलेंगे, जिससे यातायात प्रभावित होगा और लड़ाई–झगड़े बढेंगे, जिससे प्रेमनगर–रायपुर मार्ग के वाहन स्वामियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से गुजरना पड़ेगा। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त स्थाई/अस्थाई प्रार्थनापत्रों के विवरण **परिषिश्ट–"छ"** में दिए गए हैं।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–22 ऑटोरिक्षा वाहनों में किराये का मीटर लगाने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

टैक्सी वाहनों में किराया मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 74(8) में यह प्राविधाान किया गया है कि **"मोटर टैक्सियों की दषा में यदि कोई टैक्सी मीटर वीहित किया गया है तो वह ठीक चालू हालत में लगाया जाएगा और बनाये रखा जाएगा।" मोटरयान अधिनियम धारा 2(25) में टैक्सी वाहन को इस प्रकार परिभाशित किया गया है, "मोटरटैक्सी से ऐसा कोई यान अभिप्रेत है जो भाड़े या पारिश्रमिक पर अधिक से अधिक 6 यात्रियों जिसके अन्तर्गत ड्राईवर नहीं है वहन करने के लिए निर्मित या अनुकूलित है।"**

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 21.08.2000 में संकल्प सं0 08 द्वारा टैक्सी तथा ऑटोरिक्षा वाहनों में मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित आदेष पारित किए गए थेः–

"प्राधिकरण द्वारा ऑटोरिक्षा वाहनों में किराये का मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में अपनी बैठक दिनांक 26.04.89 में संकल्प संख्या 28 द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि पुराने जारी परमिटों पर नवीनीकरण अथवा पुनः स्वीकृति के अवसर पर मीटर लगाने का प्रतिबन्ध न लगाया जाय तथा नये परमिटों की स्वीकृति मीटर लगाने की षर्त के साथ दी जाय। ऑटोरिक्षा वाहनों का संचालन मुख्य रूप से षहर सीमा के अन्तर्गत ही किया जाता है और वाहन स्वामियों द्वारा अधिक किराया लिये जाने की षिकायतें भी यदाकदा प्राप्त होती हैं। अतः प्राधिकरण द्वारा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि भविश्य में ऑटोरिक्षा वाहनों के नये परमिट किराये का मीटर लगाये जाने पर ही जारी किया जाय और इनके परमिटों में मीटर लगाये जाने की षर्त अंकित की जाय।"

उपरोक्त के पष्चात् प्राधिकरण की बैठक दिनांक 03.03.01 में संकल्प सं0 22 के अन्तर्गत ऑटोरिक्षा वाहनों में किराया मीटर लगाने के सम्बन्ध में दून ऑटोरिक्षा यूनियन एवं उत्तराखण्ड ऑटोरिक्षा एसोसिएषन के प्रतिवेदनों पर विचारोपरान्त ऑटोरिक्षा वाहनों में किराया मीटर लगाने हेतु 06 माह का समय दिया गया था तथा पुनः प्राधिकरण की बैठक दिनांक 29.09.01 में संकल्प सं0 20 द्वारा 06 माह का समय दिनांक 31. 03.02 तक दिया गया था। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 26.10.2002 के संकल्प सं0 39(2–अ,ब) के अन्तर्गत निर्णय लिया गया था कि ऑटोरिक्षा वाहनों में फेयर मीटर लगाने में छूट देने के सम्बन्ध में परिवहन सलाहकार समिति से आख्या मांगी जाए।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 03.11.03 के संकल्प सं0 18 द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि "**ऑटोरिक्षा वाहनों में फेयर मीटर लगाये जाने के सम्बन्ध में एस0पी0(सिटी), ए0डी0एम0 तथा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) की समिति गठित की जाती है। इस समिति द्वारा वाहनों में फेयर मीटर लगाये जाने अथवा किराया निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध संस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। समिति की आख्या प्राप्त होने पर प्राधिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में विचार किया जाएगा। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 20. 11.04 के संकल्प सं0 32(2) में यह निर्णय लिया गया था कि फेयर मीटर के सम्बन्ध में आरटीए द्वारा गठित**

समिति से आख्या प्राप्त की जाए तथा मामले को आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।" परन्तु अभी तक प्राधिकरण द्वारा गठित समिति की आख्या प्राप्त नहीं हुई है।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत करना है कि यदाकदा इस आषय की षिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि ऑटोरिक्षा वाहनों द्वारा निर्धारित से अधिक किराया वसूला जा रहा है। अतः प्राधिकरण ऑटोरिक्षा वाहनों में किराया मीटर लगाने के सम्बन्ध में विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करे।

मद सं0–23 उत्तरकाषी षहरी क्षेत्र के अन्दर स्थानीय यातायात एवम् पर्यटकों की सुविधा को दृश्टिगत रखते हुऐ आटोरिक्षा संचालन के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

जिलाधिकारी, उत्तरकाषी ने अपने पत्र सं0 189/पीए/ऑटो परमिट/2011 दिनांक 23.06.11 द्वारा अवगत कराया है कि, जनपद उत्तरकाषी के षहरी क्षेत्र के अन्दर दिनांक 22.04.11 को महिन्द्रा जियो ऑटोरिक्षा (4–व्हीलर) संचालन के लिए परीक्षण कराया गया था। परीक्षण के उपरान्त जन सुरक्षा की दृश्टि से महिन्द्रा जियो ऑटोरिक्षा (4–व्हीलर) को षहरी क्षेत्र में संचालन हेतु उपयुक्त पाया गया। उन्होंने अपने पत्र में यह कहा है कि, सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, द्वारा ऑटो के परमिट के सम्बन्ध में मांगी गयी आख्या पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा 6 सदस्यीय समिति गठित की गयी। समिति द्वारा सर्वसम्मति से उत्तरकाषी के षहरी क्षेत्रों में स्थानीय यातायात एवं पर्यटकों की सुविधा एवं जनसुरक्षा को दृश्टिगत रखते हुए महिन्द्रा जियो ऑटो रिक्षा (4–व्हीलर) के संचालन हेतु संस्तुति प्रदान की गयी है। परमिट के सम्बन्ध में समस्त कार्यवाही पूर्ण कर सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तरकाषी के माध्यम से दिनांक 12.05.11 को सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून को महिन्द्रा जियो ऑटोरिक्षा (4–व्हीलर) हेतु 30 परमिट जारी करने की संस्तुति आख्या प्रेशित की जा चुकी है, किन्तु अभी तक अपेक्षित कार्यवाही लम्बित है।"

उत्तरकाषी नगर में ऑटोरिक्षा वाहन संचालित करने के सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तरकाषी को इस कार्यालय के पत्र सं0 3099/आरटीए/दस–7ए/2010 दिनांक 06–12–2010 द्वारा आख्या मांगी गयी थीः–

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रषासन), उत्तरकाषी ने अपने पत्र सं0 72 /सा0प्रषा0/11 दिनांक 12–05–11 द्वारा सूचित किया है कि उनके निवेदन पर उत्तरकाषी नगर में ऑटो रिक्षा वाहन चलाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, महोदया, द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की 06 सदस्यों की समिति गठित की गयी थी। इस समिति में उप जिलाधिकारी, भटवाड़ी **अध्यक्ष** एवं पुलिस उपाधीक्षक, उत्तरकाषी सदस्य, सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तरकाषी सदस्य, जिला विकास प्रबन्धक, राश्ट्रीय कृशि और ग्रामीण विकास बैंक, उत्तरकाषी सदस्य, अधिषासी अधिकारी, नगर पालिका परिशद, उत्तरकाषी सदस्य, तथा परियोजना समन्वयक भुवनेष्वरी महिला आश्रम, उत्तरकाषी, को **सदस्य** नामित किया गया था।

समिति ने जनपद उत्तरकाषी में नगर पालिका की सीमा के अन्तर्गत महिन्द्रा जियो ऑटोरिक्षा (4 व्हीलर) के संचालन के सम्बन्ध में अपनी आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत की है।

- उत्तरकाषी नगर क्षेत्रान्तर्गत जिन मार्गों पर महेन्द्रा जियो आटोरिक्षा संचालित किये जाने हैं उन मार्गों की स्थिति एवं विवरण इस प्रकार हैः–

मार्ग नं0–1 बस अड्डे से एन0आई0एम0 तक– 02 किमी – बस अड्डे से टैक्सी स्टैंड ज्ञानसू मोटर पुल जोषियाड़ा, श्री भुवनेष्वरी महिला आश्रम–प्लान कार्यालय, एन0आई0एम0 रोड, विकास भवन(एन0आई0एम0)।

मार्ग नं0–2 बस अड्डे से कुटेटी देवी मन्दिर– 2.5 किमी– बस अड्डा, भटवाड़ी रोड, कलक्ट्रेट, तिलोथ पुल, लम्बगांव रोड, कुटेटी देवी।

मार्ग नं0–3 बस अड्डे से नेताला– 08 किमी– बस अड्डे से भटवाड़ी रोड, तेखला, गंगोरी, नैताला।

मार्ग नं0–4 बस अड्डे से मातली– 08 किमी– बस अड्डा, ज्ञानसू टैक्सी स्टैंड, पल्ला, ज्ञानसू, बड़ेथी चुंगी, बड़ेथी, मातली।

मार्ग नं0–5 बस अड्डे से बड़ेथी वाया मनेरा– 03 किमी– बस अड्डा, जोषियाड़ा मोटर पुल, कॉण्टीनेण्टल कम्पनी, मनेरा स्टेडियम, केन्द्रीय विद्यालय, बायी पास बड़ेथी।

- वर्तमान में स्थानीय यातायात हेतु नगर क्षेत्रान्तर्गत नगरपालिका के दो वाहन यद्यपि संचालित हैं, परन्तु उपरोक्त प्रस्तावित मार्गों में से दो मार्ग बस अड्डा से नेताला व मातली राश्ट्रीय राजमार्ग में होने के कारण यातयात सुविधा उपलब्ध हो जाती है, परन्तु स्थानीय यातायात हेतु साधनों की कमी बनी रहती है।
- ऑटोरिक्षा परमिट अधिकतम 08 किमी अर्द्ध व्यास क्षेत्र के लिये जारी किये जाने है।
- उत्तरकाषी नगर घाटी में बसा होने के कारण अधिकतर भाग समतल है किन्तु ऑटो रिक्षा हेतु प्रस्तावित मार्गों में से एन0आई0एम0 व कुटेटी देवी 02 मार्ग उतार चढ़ाव के हैं। इसके अतिरिक्त अन्य प्रस्तावित मार्ग मैदान मार्गों की भांति हैं। दिनांक 22–04–2011 को किये गये परीक्षण में उक्त मार्ग में ऑटोरिक्षा सफलता पूर्वक संचालित किया जा चुका है।
- प्रस्तावित महिन्द्रा जियो ऑटो रिक्षा मार्ग ऑटो रिक्षा चलाये जाने के सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय निरीक्षक (तकनीकी) उत्तरकाषी द्वारा तकनीकी निरीक्षण किया गया है निरीक्षण आख्या में उल्लेख किया गया है कि उक्त महिन्द्रा 4–व्हीलर (6+1) सवारी के संचालन हेतु पर्यटकों की सुविधा हेतु संचालित किया जाना जन सुरक्षा की दृश्टि से उपयुक्त है।
- ऑटो रिक्षा वाहन संचालन पर्यटकों/आम यात्रियों के सुविधा की दृश्टिगत मुख्य मार्ग से संचालन कराया जाना उचित होगा। इसके लिये यद्यपि नगर पालिका द्वारा 10 ऑटो रिक्षा पार्किंग हेतु नगरपालिका वार्ड सं0–1 सुरंग के समीप ताम्बाखाणी में पर्याप्त खाली स्थान उपलब्ध न होने के कारण प्रस्तावित आटो रिक्षा स्टेण्ड हेतु भटवाड़ी मार्ग पर जल संस्थान के सामने 05 आटो रिक्षा के लिये स्टैण्ड किये जाने और षेश सुरंग के समीप ताम्बाखाणी अथवा राम लीला मैदान के सामने जहां पर विद्युत विभाग का सब स्टेषन है के समीप खाली स्थान पर खड़े किये जा सकते हैं।
- नगर में यातायात की आवष्यकता की पूर्ति हेतु वर्तमान में अधिकतम 30 ऑटो रिक्षा की आवष्यकता प्रतीत होती है।

जिलाधिकारी, उत्तरकाषी ने आयुक्त/अध्यक्ष महोदय को सम्बोधित तथा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून व अन्य को पृश्ठांकित अपने पत्र सं0–189/टी.ए.–आटो परमिट/2011 दिनांक 23.06.11 द्वारा

अनुरोध किया है कि, उत्तरकाषी षहरी क्षेत्र के अन्दर स्थानीय यातायात एवम् पर्यटकों की सुविधा को दृश्टिगत रखते हुऐ आटोरिक्षा संचालन हेतु 30 परमिटों की स्वीकृति प्रदान करने का कश्ट करें।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि, जिलाधिकारी, उत्तरकाषी द्वारा गठित समिति ने उत्तरकाषी नगर में महिन्द्रा चार पहिये वाली, सात सीटर वाहन को संचालित करने की संस्तुति की गई है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–24 हरिद्वार केन्द्र के ऑटो रिक्षा परमिटों का मार्ग 16 किमी के स्थान पर 25 किमी करने के सम्बन्ध में श्री विजय अग्रवाल अध्यक्ष, मालिक एवं चालक कल्याण समिति, रेलवे स्टेषन पंचपुरी, हरिद्वार के पत्र दिनांक–14–12–09 तथा ऑटो रिक्षा विक्रम एसोसिएशन, ललतारौपुल, रेलवे रोड़, हरिद्वार के पत्र दिनांक 18–10–10 पर विचार व आदेष।

अ– उपरोक्त प्रतिवेदनों में यह कहा गया है कि हरिद्वार नगर का क्षेत्रफल काफी विस्तृत हो गया है। सिडकुल व स्वामी रामदेव जी का पतंजली योगपीठ हरिद्वार षहर से लगभग 20 किमी दूरी पर स्थित हैं। ऑटो रिक्षा वाहनों को हरिद्वार से केवल 16 किमी परिधि में चलने का परमिट होने के कारण वे यात्रियों को पतंजली योगपीठ तक उपचार हेतु नहीं ले जा सकते हैं, जिससे उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन प्रतिवेदनों में यह भी कहा गया है कि ऋशिकेष केन्द्र से जारी ऑटो रिक्षा वाहनों का क्षेत्र 16 किमी अर्द्धव्यास से बढ़ाकर 25 किमी कर दिया गया है इसलिए हरिद्वार केन्द्र से जारी ऑटोरिक्षा परमिटों का मार्ग भी 25 किमी अर्द्धव्यास कर दिया जाय।

इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि प्राधिकरण की बैठक दिनांक–12–11–09 में संकल्प संख्या–31 द्वारा ऋषिकेष केन्द्र के ऑटोरिक्षा परमिटों का संचालन क्षेत्र 16 किमी से बढ़ाकर 25 किमी अर्द्धव्यास

(पर्वतीय मार्गों एवं पौड़ी संभाग के मार्गों को छोड़कर) किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। देहरादून केन्द्र से जारी ऑटोरिक्षा परमिटों का मार्ग इससे पूर्व में ही 25 किमी अर्द्धव्यास कर दिया गया था। वर्तमान में हरिद्वार केन्द्र के 1835 तथा ऋशिकेष केन्द्र के 631 ऑटोरिक्षा परमिट वैध है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

ब– <u>श्री षिव कुमार षर्मा, संयोजक आटो रिक्षा विक्रम महासंध, हरिद्वार के पत्र दिनांक 27.06.11 पर विचार व आदेष।</u>

श्री षिव कुमार षर्मा ने अपने पत्र में हरिद्वार आटो रिक्षा विक्रम महासंध की निम्नलिखित समस्याओं के सम्बन्ध में विचार व आदेष करने हेतु निवेदन किया है।

1. ऋशिकेष के आटोरिक्षा के परमिट 25 किमी0 के लिये जारी किये गये हैं, परन्तु हरिद्वार के परमिट 16 किमी0 के हैं। इनमें समानता लाने का कश्ट करें।
2. हरिद्वार में विक्रमों के परमिट 40 किमी0 अर्धव्यास क्षेत्र के लिये जारी किये गये हैं, परन्तु इन पर संचालित वाहनों को मुनि की रेती एवं डोईवाला में संचालन प्रतिबन्धित किया गया है। ऋशिकेष केन्द्र के परमिट 25 किमी0 अर्धव्यास के लिये जारी किये गये हैं, जो पूरे हरिद्वार क्षेत्र में घूम रहे हैं। हरिद्वार के परमिटों पर प्रतिबन्ध समाप्त किया जाय अथवा ऋशिकेष के परमिटों पर प्रतिबन्ध लगाकर एकरुपता लाई जाई।

उपरोक्त क्रम सं0–1 के सम्बन्ध में अवगत करना है कि, प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 में ऋशिकेष केन्द्र से जारी आटोरिक्षा परमिटों का संचालन क्षेत्र 16 किमी0 से बढाकर 25 किमी0 किया गया है। क्रम सं0–2 पर वर्णित बिन्दु के सम्बन्ध में अवगत करना है कि, हरिद्वार केन्द्र के विक्रमों को 40 किमी0 अर्धव्यास क्षेत्र के परमिट इस प्रतिबन्ध के साथ जारी किये गये हैं कि, इन वाहनों का संचालन मुनि की रेती

तथा डोईवाला क्षेत्र में प्रतिबन्धित रहेगा। ऋशिकेष केन्द्र के विक्रम टैम्पो परमिट केवल 25 किमी0 अर्धव्यास क्षेत्र के लिये जारी किये गये हैं।

हरिद्वार के आटोरिक्षा वाहनों को 16 किमी0 रेडियस के स्थान पर 25 किमी0 रेडियस किये जाने के सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन हरिद्वार से कार्यालय के पत्र सं0. –3447/आरटीए/आटो/2010 दि0 01.06.11 द्वारा आख्या मांगी गई थी। इस पत्र की प्रतिलिपि वरिश्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार को इस अनुरोध के साथ प्रेशित की गई थी कि, इस सम्बन्ध में विभाग का मंतव्य देने का कश्ट करें। प्रभारी सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन हरिद्वार ने अपने पत्र सं0–87/प्रवर्तन–हरिद्वार/आटोरिक्षा/11 दिनांक 19.07.11 द्वारा सूचित किया है कि, पुलिस उपाधीक्षक यातायात हरिद्वार ने अवगत कराया है कि, हरिद्वार के आटोरिक्षा वाहनों को 16 किमी0 रेडियस के स्थान पर 25 किमी0 किये जाने पर जनपद हरिद्वार में इसका कोई प्रभाव नहीं पडेगा। हरिद्वार केन्द्र के आटोरिक्षा वाहनों को 25 किमी0 किये जाने पर इसका प्रभाव जनपद देहरादून पर पडेगा। इस सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), हरिद्वार ने यह कहा है कि उनका मंतव्य भी उपरोक्तानुसार है। उन्होंने यह भी कहा है कि, इस सम्बन्ध में ऋशिकेष के स्थानीय प्रषासन का मंतव्य लिया जाना उचित प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि, 25 किमी0 रेडियस करने पर हरिद्वार रेलवे स्टेषन/बस स्टेषन से 25 किमी0 रेडियस करने पर निम्नलिखित मार्ग आयेंगे।

1. हरिद्वार ऋशिकेष मार्ग– गुरुद्वारा मुनि की रेती जनपद टिहरी गढवाल।
2. हरिद्वार–रुडकी मार्ग– रुडकी इंजीनियरिंग कालेज
3. हरिद्वार–चिडियापुर मार्ग–वन विभाग लकडी डिपो
4. हरिद्वार–रोषनाबाद मार्ग–रोषनाबाद गांव
5. हरिद्वार–लक्सर मार्ग – श्री सीमेन्ट फैक्ट्री
6. हरिद्वार–कलियर–रुडकी मार्ग–दौलतपुर

हरिद्वार केन्द्र के विक्रम टैम्पो वाहनों को लक्ष्मण झूला तक संचालन के सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, ऋशिकेष/हरिद्वार को ऋशिकेष से लक्ष्मण झूला मार्ग पर संचालन पर लगी रोक को हटाने के सम्बन्ध में आख्या देने हेतु कहा गया था। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी, ऋशिकेष तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी, ऋशिकेष से भी इस सम्बन्ध में अपना मंतव्य देने हेतु कहा गया था।

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हरिद्वार ने अपने पत्र सं0–68/प्रवर्तन–हरिद्वार/आटो परमिट/11 दिनांक 23.06.11 द्वारा इस सम्बन्ध में आख्या प्रेशित की है कि, "इन वाहनों को लक्ष्मण झूला की ओर जाने की स्वीकृति का सम्बन्ध है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेष मोटर यान नियमावली 1998 के नियम 2(13) तथा उत्तराखण्ड कराधान सुधार नियमावली 2003 के अनुसार जनपद टिहरी गढवाल पर्वतीय जनपद है तथा चन्द्रभागा नदी के पुल के उस ओर वाला समस्त मार्ग पर्वतीय है। इन वाहनो को संचालन की अनुमति देने से पूर्व सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा इन वाहनों पर इस प्रकार की षर्त किस आधार पर लगाई गई थी, का भी संज्ञान लेना आवष्यक है तथा तद्नुसार 40 किमी0 क्षेत्रफल के लिये वाहनों का संचालन किया जाना उचित होगा।

उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम एवं नियमावली, 2003 की तृतीय अनुसूची में दिए गए प्रावधान के अनुसार **पर्वतीय मार्गों का तात्पर्य उन समस्त सड़कों से है जो पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाषी, रूद्रप्रयाग, चम्पावत, बागेष्वर, टिहरी गढ़वाल जिलों और देहरादून जिले की तहसील चकराता के भीतर पड़ते हैं और नैनीताल, उधम सिंह नगर और पौड़ी गढ़वाल जिले के वे भाग जो तराई (बेस ऑफ दी फुट हिल्स) के उत्तर में हैं और पूर्व में टनकपुर से सीधे काठगोदाम, रामनगर, कोटद्वार, होते हुए पष्चिम में लक्ष्मण झूला तक हैं और देहरादून नगर की नगर पालिका सीमा के बाहर की सभी सड़के भी हैं जो मसूरी की ओर जाती हैं।**

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 30.03.95 के संकल्प सं0 26(1) द्वारा हरिद्वार केन्द्र से संचालित विक्रम टैम्पो परमिटों का मार्ग 25 किमी अर्द्धव्यास से बढ़ाकर 40 किमी किया गया था

तथा इस आषय की षर्त लगाई गयी थी कि वाहनों का संचालन मुनिकी रेती, लक्ष्मण झूला एवं डोईवाला क्षेत्र में नहीं किया जाएगा, जिससे कि यहां पर प्रदूशण तथा स्थान संकीर्णता की समस्या न हो। इसके पष्चात् इस प्रकरण को प्राधिकरण की बैठक दिनांक 08.09.95 में मद सं0 05 के अन्तर्गत विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण ने इस बैठक में यह निर्णय लिया था कि इस संदर्भ में जिलाधिकारी, हरिद्वार और जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल से विस्तृत आख्या प्राप्त की जाए। इसके पष्चात् मामले को पुनः प्राधिकरण की बैठक दिनांक 18.06.96 में मद सं0–07 व 08 द्वारा विचार व आदेष हेतु प्रेशित किया गया था। प्राधिकरण ने बैठक में जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल, अपर जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल, जिलाधिकारी, हरिद्वार, विक्रम टैम्पो महासंघ द्वारा प्रस्तुत विभिन्न संगठनों के प्रत्यावेदनों का अवलोकन करने के पष्चात् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया था कि हरिद्वार केन्द्र के विक्रम टैम्पो वाहनों को मुनिकी रेती और डोईवाला क्षेत्र में चलने की अनुमति देना सुरक्षा की दृश्टि से जनहित में नहीं है।

क्षेत्राधिकारी, ऋशिकेष ने अपने पत्र सं0–सीऔआर–विविध/11 दिनांक 13.06.11 द्वारा सूचित किया है कि, ऋशिकेष क्षेत्र की सडकें संकुचित होने के कारण पूर्व से ही अधिक संख्या में संचालित हो रहे विक्रम वाहनों के कारण आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। अतः ऐसी स्थितियों में और अधिक विक्रम वाहनों को ऋशिकेष क्षेत्र में तथा ऋशिकेष से लक्ष्मण झूला की ओर इन वाहनों को संचालित करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं होगा।

वर्तमान में हरिद्वार केन्द्र से 546 विक्रम टैम्पो परमिट तथा ऋशिकेष केन्द्र से 434 विक्रम टैम्पो परमिट जारी किये गये है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–25 राज्य सरकार द्वारा स्थापित चालक प्रषिक्षण संस्थान झाझरा में चालकों को रिफ्रेषर प्रषिक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

परिवहन आयुक्त उत्तराखण्ड ने अपने पत्र सं0–2422/प्राविधिक/सात–1(1)/2005–11 दिनांक 26.07.11 द्वारा सूचित किया है कि, "राज्य सरकार द्वारा देहरादून में झाझरा नामक स्थान पर एक वृहद चालक प्रषिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है। उक्त संस्थान में चालकों के लिये सिमुलेटर्स/ड्राइविंग ट्रैक्स/वाहनें तथा हास्टॅल सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के संचालन का कार्य मैसर्स मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड को दिया गया है। जिसके द्वारा गठित सोसाइटी में प्रमुख सचिव, परिवहन एवं आयुक्त, गढवाल मण्डल सदस्य नामित हैं।

राज्य में सडक दुर्धटनाओं की रोकथाम के उद्देष्य से यह उचित होगा कि, सभी चालकों को संस्थान के माध्यम से प्रषिक्षण प्रदान कराया जाय। इसके अतिरिक्त पूर्व से लाइसेंस धारक चालकों को समय–समय पर संस्थान के माध्यम से दो दिवसीय रिफ्रेषर प्रषिक्षण प्रदान किया जाना भी श्रेश्ठकर होगा। पत्र में उन्होंने कहा है कि, **देहरादून नगर के व्यवसायिक वाहन चालकों हेतु संस्थान के माध्यम से प्रषिक्षण प्रदान करने की अनिवार्यता पर विचार कर निर्णय लेने का कश्ट करें, इसके अतिरिक्त गढवाल मण्डल के राजकीय वाहन चालकों को भी संस्थान के माध्यम से प्रषिक्षण प्रदान कराने हेतु आवष्यक कार्यवाही करने का कश्ट करें"।**

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–26 चार धाम यात्रा में संचालित होने वाले यात्री वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

उत्तराखण्ड राज्य में स्थित चारधाम–श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री धामों के लिए प्रतिवर्श माह मई से अक्टूबर/नवम्बर तक यात्रा चलती है। चारधाम यात्रा मुख्य रूप से हरिद्वार/ऋशिकेष से संचालित होती है। चारधाम यात्रा में गढ़वाल मण्डल के पर्वतीय मार्गों पर चलने वाली स्टैज कैरीज बसों के अतिरिक्त ठेका बसों को भी लगाया जाता है जो पर्वतीय मार्गों पर चलने के लिए उपयुक्त होती हैं। चारधाम यात्रा में संचालित वाहनों को यात्रा मार्ग पर चैकिंग के दौरान वाहन के समस्त प्रपत्र न दिखाने पड़ें

इसलिए इन वाहनों को एक ग्रीन कार्ड जारी किया जाता है इसमें वाहन के समस्त प्रपत्रों का विवरण अंकित होता है। ग्रीन कार्ड जारी करने से पूर्व वाहनों का तकनीकी निरीक्षण भी किया जाता है, ताकि पर्वतीय मार्गों पर वाहन सुविधाजनक यात्रा संचालित कर सके। ग्रीन कार्ड जारी करने का मुख्य उद्देष्य यह है कि यात्रा मार्गों पर चैकिंग अधिकारियों को वाहन चालक प्रपत्रों के स्थान पर ग्रीन कार्ड दिखाएगा तथा मार्गों पर वाहनों तथा चैकिंग अधिकारियों को समय की बचत के साथ–साथ सुविधाजनक भी होगा।

चारधाम यात्रा 2011 की परिवहन व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आयुक्त, गढ़वाल मण्डल की अध्यक्षता में आयोजित परिवहन कंपनियों की बैठक दिनांक 29–04–11 में यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक वर्श की भांति इस वर्श भी चारधाम यात्रा में जाने वाले सभी वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। चारधाम यात्रा–2011 पर जाने वाले स्थानीय वाहनों को ग्रीन कार्ड 31–08–2011 तक तथा अन्य राज्यों की वाहनों को जो अपने राज्य से यात्रियों को लाने के लिए एक वापसी यात्रा हेतु या 15 दिन के लिए ग्रीनकार्ड जारी किया जाएगा।

चूंकि चार धाम यात्रा प्रतिवर्श संचालित होती है और वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी किये जाते हैं, परन्तु इस सम्बन्ध में अभी तक कोई षासनादेष निर्गत नही किया गया है। अतः प्राधिकरण षासन को ग्रीनकार्ड जारी करने के सम्बन्ध में षासनादेष निर्गत करने के सम्बन्घ में विचारोपरान्त षासन का अनुरोध करने के सम्बन्ध में आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–27 पर्वतीय मार्गो पर चलने वाले जनभार वाहनों की भार क्षमता में वृद्वि करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण देहरादून की बैठक दिनांक 29, 30, 31 अगस्त 1988 के संकल्प सं0–13 द्वारा गढवाल मण्डल के पर्वतीय मार्गो पर चलने वाली वाहनों की भार क्षमता 75 कुन्तल से बढाकर 90 कुन्तल स्वीकृत की गई थी। तब से अब तक लगभग 20–22 वर्श के अंतराल में मार्गो की दषा में काफी सुधार हो गया है। परन्तु पर्वतीय क्षेत्र में संचालित भार वाहनों की भार क्षमता में कोई वृद्वि नही की गई है।

अतः प्राधिकरण पर्वतीय मार्गो पर चलने वाली जनभार वाहन की भार बहन क्षमता में वृद्वि करने के सम्बन्ध में विचारोपरान्त आदेष पारित करने की कृपा करें।

मद सं0–28 डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिये जारी किये गये विक्रम टैम्पो परमिटों का मार्ग विस्तार डोईवाला से आईएसबीटी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेष।

श्री इरफाक अहमद, षिवलोक कालोनी, देहरादून ने अपने पत्र द्वारा सूचित किया है कि, डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिये 60 विक्रम टैम्पो परमिट जारी किये गये थे। इन वाहनों का संचालन डोईवाला से लच्छीवाला, डोईवाला से नेपाली फार्म तथा डोईवाला से नटराज चौक, ऋशिकेष तक किया जाना था, परन्तु डोईवाला केन्द्र में पूर्व से ही चल रहे विक्रम टैम्पो चालकों द्वारा उनकी वाहनों को चलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि, उन्होंने गाडियां प्राइवेट बैंकों से ऋण लेकर खरीदी हैं, परन्तु अब हम लोग अपनी गाडियां नहीं चला पा रहे हैं। श्री इरफाक अहमद का पत्र श्री नरेन्द्र पाल सिंह रावत, प्रदेष कार्यालय प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखण्ड के पत्र दिनांक 19.09.11 द्वारा इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। श्री इरफाक अहमद ने अपने पत्र के साथ 14 वाहनों की सूची प्रेशित की है तथा निवेदन किया है कि, इन वाहनों का मार्ग विस्तार डोईवाला से आईएसबीटी, देहरादून तक करने की कृपा करें।

उपरोक्त सम्बन्ध में अवगत करना है कि, प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 में डोईवाला केन्द्र से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 60 विक्रम टैम्पो परमिट निम्न षर्तो के साथ स्वीकृत किये गये थे।

1. **परमिट से आच्छादित वाहन का संचालन डोईवाला में लच्छीवाला रेलवे पुल से आगे देहरादून षहर की ओर, ऋशिकेष मार्ग पर नटराज चौक से आगे तथा हरिद्वार मार्ग पर नेपाली फार्म से आगे नहीं किया जायेगा। वाहन का संचालन डोईवाला के ग्रामीण क्षेत्रों में ही किया जाएगा।**

2. **वाहनों का रंग हरा होगा तथा इन पर 05 इंच की सफेद पट्टी होगी जिसमें काले रंग से डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र अंकित होगा।**
3. **मार्ग पर संचालित वाहनों की मॉडल सीमा 10 वर्श होगी तथा 10 वर्श की आयुसीमा पूरी होने पर ऊँचे मॉडल की वाहन से प्रतिस्थापन किया जाएगा।**

